# कार्यालय : वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, जमशेदपुर।

(वन भवन, सोनारी, जमशेदपुर–831011)
दूरभाष संख्या एवं फैक्स – 0657–2223430, ई–मेल – cf-jamshedpur@gov.in

जहाँ है हरियाली । वहाँ है खुशहाली ॥

पत्रांक : E-03/2018- दिनांक :

सेवा में,

क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक,
सिंहभूम, जमशेदपुर

विषय :– धालभूमगढ़ हवाई अड्डा के विकास हेतु 99.256 हेक्टर वनभूमि अपयोजन का पुनरीक्षित प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग :–
1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 265 दिनांक 09.04.2020 एवं पत्रांक 199 दिनांक 02.03.2022
2. क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, सिंहभूम, जमशेदपुर का पत्रांक 442 दिनांक 05.03.2022, पत्रांक 1067 दिनांक 13.06.2022 एवं पत्रांक 1170 दिनांक 24.06.2022
3. इस कार्यालय का पत्रांक 52 दिनांक 08.01.2022
4. वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर का पत्रांक 1329 दिनांक 25.06.2022 (छायाप्रति संलग्न)

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों के संदर्भ में सूचित करना है कि वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर द्वारा प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 265 दिनांक 09.04.2020 में वर्णित त्रुटियों का निराकरण प्रतिवेदन इस कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है, जो निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | आपत्ति | अनुपालन |
|---|---|---|
| 1 | Cost-Benefit Analysis Report में NPV 0.7 Density से अधिक भरकर गणना की गई है जबकि DFO के Part-II में Density 0.7 अंकित है। अतएव इसमें सुधार अपेक्षित है। | वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि Part-II में ऑनलाईन (Online) एवं ऑफलाईन (Offline) में प्रस्तावित वनभूमि का घनत्व (Density) 0.71 के रूप में अंकित कर दिया गया है। |
| 2 | वन प्रमंडल पदाधिकारी, जमशेदपुर द्वारा प्रस्ताव के साथ संलग्न कर समर्पित किए गए Part-II ऑफलाईन एवं भरे गए ऑनलाईन Part-II के क्रमांक 13 "Specific Recommendation of DFO" में अंकित टिप्पणी विरोधात्मक है। | वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि प्रस्ताव के Part-II में "Specific Recommendation of DFO" को पुनः अंकित कर अलग से समर्पित की जाएगी। |
| 3 | वन प्रमंडल पदाधिकारी, जमशेदपुर द्वारा भरे गए Part-II ऑफलाईन में Rare/Endangered/Unique Species के नाम का उल्लेख किया गया है किन्तु Online Part-II में क्रमांक 8(V) में "Yes" अंकित है परन्तु Details उल्लेखित नहीं है। | वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि Online Part II में क्रमांक 8(v) में "Yes" अंकित करते हुए Details उल्लेखित कर दिया गया है। (छायाप्रति संलग्न अनुलग्नक – 01) |

<table>
<tr><td>4</td><td>प्रस्ताव के साथ पर्यावरणीय स्वीकृति संलग्न नहीं है। प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए आवेदन करने की सूचना अंकित है किन्तु इस संबंध में समर्पित आवेदन की प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न कर नहीं किया गया है।</td><td>वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि श्री के०एल० अग्रवाल, विमानपत्तन निदेशक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, बिरसा मुण्डा विमानपत्तन, राँची ने अपने पत्रांक 1400 दिनांक 14.06.2022 के द्वारा सूचित किया है कि पर्यावरणीय स्वीकृति प्रमाण पत्र प्राप्त करने का कार्य प्रगति पर है। (छायाप्रति संलग्न अनुलग्नक – 02)</td></tr>
<tr><td>5</td><td>प्रस्ताव के साथ वनाधिकार अधिनियम, 2006 के तहत् प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं है। साथ ही ग्रामसभा की कार्यवाही की प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न नहीं है।</td><td>वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उनके पत्रांक 1204 दिनांक 08.06.2022 (छायाप्रति संलग्न अनुलग्नक – 03) द्वारा प्रयोक्ता अभिकरण को प्रस्ताव से संबंधित वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत उपायुक्त का प्रमाण पत्र एवं ग्राम सभा की कार्यवाही की प्रति समर्पित करने हेतु स्मार दिया गया है। प्रमाण पत्र प्राप्त होते ही समर्पित कर दी जाएगी।</td></tr>
<tr><td>6</td><td>प्रस्ताव के साथ समर्पित Land Schedule में थाना एवं थाना संख्या अंकित नहीं है।</td><td>वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि प्रस्ताव के साथ समर्पित Land Schedule में थाना एवं थाना संख्या Online अंकित कर दिया गया है। (छायाप्रति संलग्न अनुलग्नक – 04)</td></tr>
<tr><td>7</td><td>प्रस्ताव के साथ समर्पित CA Land Suitability Certificate विहित प्रपत्र में नहीं है।</td><td>वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उनके द्वारा दिनांक 04.01.2022 को क्षतिपूरक वनरोपणं हेतु चयनित पुनरीक्षित अवकृष्ट वनभूमि का उपयुक्तता प्रमाण पत्र (Suitability Certificate) विहित प्रपत्र में निर्गत किया गया है। (छायाप्रति संलग्न अनुलग्नक – 05)</td></tr>
<tr><td>8</td><td>प्रस्ताव के साथ समर्पित क्षतिपूरक प्रस्ताव में निम्नलिखित स्थलवार त्रुटियाँ पायी गई है निम्नवत् अंकित है :–
<table>
<tr><th>क्र० सं०</th><th>स्थल का नाम</th><th>CA हेतु प्रस्तावित रकवा</th><th>त्रुटियाँ</th></tr>
<tr><td>1</td><td>2</td><td>3</td><td>4</td></tr>
<tr><td>1</td><td>बनकटिया</td><td>5.00</td><td>प्रस्तावित क्षेत्र Canal के कुछ भाग में है। यह कई Patches में बटाँ हुआ है, तथा वनों का घनत्व अधिक प्रतीत हो रहा है।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>चिरूगोरा</td><td>10.00</td><td>प्रस्तावित क्षेत्र नदी के कुछ भाग में</td></tr>
</table></td><td>वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर के पत्रांक 33 दिनांक 04.01.2022 (छायाप्रति संलग्न अनुलग्नक – 06) द्वारा क्षतिपूरक वनरोपण हेतु चयनित पुनरीक्षित अवकृष्ट वनभूमि का प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा समर्पित डी०जी०पी०एस० सर्वे कर KML File, Polygon, Cadastral Map तथा Toposheet Map समर्पित किया गया था, जिसे इस कार्यालय के पत्रांक 52 दिनांक 08.01.2022 द्वारा भवदीय को समर्पित</td></tr>
</table>

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | है। CA Patches प्लॉटवार कई भागों मे विभाजित है। | किया गया था। क्षतिपूरक वनरोपण स्थलों के KML File को ऑनलाईन भी Upload कर दिया गया है। |
| 3 | चोरायगोरा | 20.00 | प्रस्तावित क्षेत्र Canal के कुछ भाग में है। यह Patch प्लॉटवार कई Segments में विभाजित है। | |
| 4 | दुधियाशोल | 18.00 | वृक्षारोपण हेतु पर्याप्त खाली जगह प्रतीत नहीं हो रहा है। | |
| 5 | मुराकाटी | 25.00 | प्लॉटवार कई Segments में विभाजित है। प्लॉट संख्या 390 में Residential Area देखा जा सकता है। | |
| 6 | नदरिया | 1.00 | प्रस्तावित क्षेत्र के अन्दर तालाब पाया गया है। | |
| 7 | पोकलोबेरा | 50.00 | प्लॉटवार कई Segments में विभाजित है। | |
| 8 | रेरूआ | 10.00 | प्रस्तावित क्षेत्र के अन्दर प्लॉट संख्या 519 में Residential Area दिखाई पड़ रहा है। | |
| 9 | मुराथाकुरा | 35.00 | प्रस्तावित क्षेत्र Canal के बीच से पास होता दिखाई पड़ रहा है। साथ ही प्लॉट संख्या 441 एवं 736 में Residential Area दिखाई पड़ रहा है। Patch प्लॉटवार कई Segments में विभाजित है। | |
| 10 | सरारूबेरा | 19.00 | प्रस्तावित CA क्षेत्र झारखण्ड राज्य के सीमा से करीब 200m बाहर West Bengal में दिखाई पड़ रहा है, तथा Forest Crop कई स्थानों पर काफी Dense प्रतीत होता है। | |

वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि प्रस्ताव में Specific Recommendation of DFO एवं Site Inspection Report of DFO, पर्यावरणीय स्वीकृति एवं वनाधिकार अधिनियम, 2006 के तहत प्रमाण पत्र अलग से समर्पित की जाएगी।

विदित हो कि तत्कालीन वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, जमशेदपुर श्री जब्बर सिंह द्वारा Site Inspection Report एवं Recommendation में की गई प्रविष्टियाँ को यथावत् ही रखा गया है। Site Inspection Report एवं Recommendation में संशोधन उच्च स्तरीय आदेश के उपरांत ही किया जा सकेगा।

अतः वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर से प्राप्त संशोधित प्रस्ताव ऑनलाईन एवं हार्ड कॉपी सात–सात प्रतियों में आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई हेतु समर्पित की जा रही है।

<u>अनु0 : यथोक्त।</u>

आपका विश्वासी

ह0 / –

वन संरक्षक,

प्रादेशिक अंचल, जमशेदपुर

ज्ञापांक :– 716 दिनांक :– 25.06.2022

प्रतिलिपि :– प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची को उनके पत्रांक 265 दिनांक 09.04.2020 एवं पत्रांक 199 दिनांक 02.03.2022 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

25/06/2022

वन संरक्षक,

प्रादेशिक अंचल, जमशेदपुर